**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 11.07.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापट्टणम में स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट आई एन एस महेंद्रगिरि का जलावतरण किया। कहा – भारत एक मजबूत, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार रक्षा बल का निर्माण कर रहा है।
2. विश्व जनसंख्या दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि स्वैच्छिक परिवार नियोजन, जागरूक निर्णय और स्वस्थ परिवार समावेशी तथा सतत विकास की मजबूत नींव हैं।
3. ननकौड़ी के कमोर्टा बाजार में स्वच्छ भारत मिशन चरण–II के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संचालन का शुभारंभ किया गया।
4. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत दक्षिण अंडमान को ''मॉडल जिला'' बनाने की दिशा में राज्यस्तरीय उद्घाटन कार्यशाला आयोजित की गई।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज विशाखापट्टणम में स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट, आई.एन.एस. महेंद्रगिरि को नौसेना के पूर्वी बेड़े में शामिल किया। परियोजना 17–ए का यह युद्धपोत, भारत की बढ़ती समुद्री शक्ति और स्वदेशी रक्षा क्षमता का परिचायक है। श्री सिंह ने कहा कि भारत, पारंपरिक रक्षा क्षमताओं और उन्नत प्रौद्योगिकियों को मजबूत करके एक सुदृढ़, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार रक्षा बल का निर्माण कर रहा है। श्री सिंह ने कहा कि आईएनएस महेंद्रगिरि में पिचहत्तर प्रतिशत से अधिक स्वदेशी घटकों का इस्तेमाल हुआ है। उन्होंने कहा कि यह युद्धपोत अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों से सुसज्जित है। इससे हिंद महासागर में भारत की समुद्री ताकत और बढ़ेगी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि स्वैच्छिक परिवार नियोजन, जागरूक निर्णय और स्वस्थ परिवार समावेशी तथा सतत विकास की मजबूत नींव हैं। विश्व जनसंख्या दिवस पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष का विषय मां और बच्चे के कल्याण के लिए गर्भधारण के बीच स्वस्थ अंतराल और नियोजित पितृत्व

है। उन्होंने कहा कि अभियान का नारा "जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल" गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाओं तथा जागरूक प्रजनन संबंधी निर्णयों के महत्व को दर्शाता है।

<><><><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक और सफलता हासिल करते हुए हैड्डो स्थित शहीद भगत सिंह कॉलोनी के पार्किंग क्षेत्र के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया है। सीआईडी के एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 10 जुलाई की मध्यरात्रि को विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने निगरानी के दौरान शहीद भगत सिंह कॉलोनी, हैड्डो निवासी इक्तालीस वर्षीय आरिफ हुसैन सेख को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई निरीक्षक के. बिनोज के नेतृत्व में तथा उप पुलिस अधीक्षक (नारकोटिक्स) सुनील पंचाल, डी ए एन आई पी एस के पर्यवेक्षण में की गई। अंडमान निकोबार पुलिस ने कहा है कि मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें नशीले पदार्थों की तस्करी या मादक पदार्थों के दुरुपयोग से जुड़ी कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

<><><><><><><><><><>

स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज ननकौड़ी के कमोर्टा बाजार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण–II के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संचालन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ननकौड़ी के सहायक आयुक्त डॉ. क्षितिज ज्ञानराज सा ने किया। यह परियोजना स्वच्छ भारत मिशन और समेकित जनजातीय विकास परियोजना के तहत निकोबार के उपायुक्त अमित काले, के मार्गदर्शन में शुरू की गई है। इसके तहत स्थानीय जनजातीय समुदाय से चयनित सफाई कर्मी घर–घर जाकर पृथक किए गए कचरे का संग्रहण करेंगे। उद्घाटन के दौरान सफाई कर्मियों को वर्दी एवं सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए तथा उन्हें 'इही–इंचोन स्वच्छ सेना' नाम दिया गया। कार्यक्रम में कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया गया। अधिकारियों ने लोगों से जैविक और अजैविक कचरे को अलग–अलग रखने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन करने की

अपील की। कार्यक्रम के बाद कमोर्टा बाजार में मेगा स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत दक्षिण अंडमान को ''मॉडल जिला'' बनाने की दिशा में कल राज्यस्तरीय उद्घाटन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त–सह–सचिव डॉ. सचिन शिंदे, ने किया। अपने संबोधन में डॉ. शिंदे ने कहा कि एबीडीएम द्वीपों में सुरक्षित, एकीकृत और नागरिक–केंद्रित डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सरकारी और निजी स्वास्थ्य संस्थानों से मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम के दौरान 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन न्यूज़लेटर 2025–26'' का विमोचन भी किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक ''डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा'' ने वर्चुअल संबोधन में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं, एबीडीएम आधारित अस्पताल प्रबंधन प्रणाली और डिजिटल हेल्थ इंसेंटिव योजना पर प्रकाश डाला। स्वास्थ्य सेवा निदेशक ''डॉ. एच.एम. सिद्धराजू'' ने बताया कि दक्षिण अंडमान को एबीडीएम के तहत मॉडल जिला चुना गया है, जिससे डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, दक्षता और निरंतरता में सुधार होगा। कार्यशाला में आभा, डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड, अस्पताल प्रबंधन प्रणाली तथा अन्य डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं पर तकनीकी सत्र भी आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

डॉ. एस.आर. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, ने शैक्षणिक सत्र ''2026–27'' के लिए दो वर्षीय ''डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन'' पाठ्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। ''प्रावधिक मेरिट सूची 24 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। इस पर दावे एवं आपत्तियां ''25 से 28 जुलाई'' तक स्वीकार की जाएंगी। इसके बाद ''अंतिम मेरिट सूची 4 अगस्त को जारी की जाएगी। संस्थान ने बताया कि प्रावधिक एवं अंतिम मेरिट सूची ''कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल'', संस्थान की वेबसाइट तथा नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी अपने दावे या आपत्तियां निर्धारित अवधि के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित संस्थान में व्यक्तिगत रूप से या ई–मेल के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से ''कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल'' तथा संस्थान के नोटिस बोर्ड का अवलोकन करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के घटक महाविद्यालय ''अंडमान लॉ कॉलेज'' में संचालित पांच वर्षीय एकीकृत ''बीए–एल एल बी'' पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पहली काउंसिलिंग ''17 जुलाई, को आयोजित की जाएगी। काउंसिलिंग सुबह ''10 बजे'' से प्रारंभ होगी, जबकि सभी पात्र अभ्यर्थियों को ''सुबह 9.30 बजे'' तक कॉलेज के सभागार में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि शैक्षणिक सत्र ''2026–27'' के लिए पात्र अभ्यर्थियों की अंतिम मेरिट सूची पहले ही ''कॉमन ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल फॉर कॉलेजेज'' तथा कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित कर दी गई है।

<><><><><><><>

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डॉलीगंज, आई टी आई बकुलतला तथा आई टी आई अरोंग में ''शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम–सीटीएस)'' के अंतर्गत संचालित विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन करने का आग्रह किया गया है। आवेदन प्रशासन के ''कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल'' के जरिए स्वीकार किए जाएंगे। प्रशासन ने सभी पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

<><><><><><><>